लिखकर थैले में डालकर अच्छी तरह हिला देते हैं व एक कार्ड थैले में चुना जाता है कार्ड पर लिखा नाम लड़के अथवा लड़की का है ?

हल – कुल विद्यार्थी 40 हैं इनमें से एक कार्ड चुनना है सभी संभव परिणामों की संख्या–40 कार्ड पर लड़की के नाम होने के अनुकूल परिणामों की संख्या 25

$$P(G) = \frac{25}{40} = \frac{5}{8}$$

कार्ड पर लड़के नाम होने की अनुकूल परिणाम कुल 15

$$P(B) = \frac{15}{40} = \frac{3}{8}$$

हम P(B) को इस प्रकार भी प्राप्त कर सकते हैं

$$P(B) = 1 - P(G) = 1 - \frac{5}{8} = \frac{3}{8}$$

5-6 eY;kdu

मूल्यांकन हेतु कुछ समस्याऐं देकर मूल्यांकन किया जा सकता है।

5-7 Ieg dk;l

6- prHkqZt

6-1 Hkwfedk

हम अपने आस–पास और परिवेश में चतुर्भुज के आकार की अनेक वस्तुएँ देखते हैं, जैसे कमरे का फर्श, दीवार, खिड़कियाँ, छत, श्यामपट्ट, पुस्तक का पृष्ठ, टेबल का ऊपरी पृष्ठ, सन्दूक का प्रत्येक पृष्ठ (फलक), खेत, खेल के मैदान आदि। यद्यपि हमारे आस–पास दिखने वाली अधिकांश वस्तुएँ आपस के आकार की होती है, फिर भी हम चतुर्भुजों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करेंगे।

6-2 ppkZ ds eq[; fcUnq

1. आयत, वर्ग, समान्तर चतुर्भुज, समलम्ब चतुर्भुज के गुणधर्म एवं विशेषताऐं।
2. चतुर्भुजों से सम्बन्धित प्रमेयों का सैद्धान्ति रुप से सत्यापन।
3. चतुर्भुज सम्बन्धित प्रमेयों पर आधारित ज्यामितीय समस्याओं का समाधान।

6-3 ppkZ ls vis{kk,¡

1. चतुर्भुजों से संबंधित प्रमेयों का सत्यापन सैद्धान्तिक रुप से कर सकेंगे।
2. दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान चतुर्भुजों से सम्बन्धित प्रमेयों का अनुप्रयोग कर सकेंगे।

6-4 f'k{k.k vf/kxe lkexzh &

1. कार्ड शीट, थर्मोकाल शीट, गत्ता शीट,
2. स्केच पेन, पेन्सिल, रबड़, धागे, कील, ज्यामितीय बॉक्स

6-5 iLrqrhdj.k

1. विभिन्न्न प्रकार के चतुर्भुजों के मॉडल की सहायता से इन पर चर्चा करते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं को उभारें।

- चतुर्भुज की अवधारणा

- समान्तर चतुर्भुज की विशेषताऐं एवं गुणधर्म
- आयत की विशेषताऐं एवं गुणधर्म
- वर्ग की विशेषताऐं एवं गुणधर्म
- समचतुर्भुज की विशेषताऐं एवं गुणधर्म
- समलम्ब चतुर्भुज की विशेषताऐं एवं गुणधर्म

2. चतुर्भुजों से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रमेयों का प्रयोग द्वारा एवं चर्चा करते हुए इनका सैद्धान्तिक रुप से सत्यापन करवाऐं।

- समान्तर चतुर्भुज की सम्मुख भुजाऐं बराबर होती है एवं इसका विलोम।
- समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर एक–दूसरे को समद्विभाजित करते हैं एवं इसका विलोम।
- एक चतुर्भुज समान्तर चतुर्भुज होता है, यदि उसकी सम्मुख भुजाओं का एक युग्म परस्पर बराबर एवं समान्तर हो।
- समान्तर चतुर्भुज का विकर्ण इसे दो सर्वागसम त्रिभुजों में बांटता है।
- यदि समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण समान हो तो वह एक आयत होता है।
- आयात के विकर्ण परस्पर बराबर होते हैं।
- यदि समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर लम्बवत हो तो वह एक सम–चतुर्भुज होता है।
- यदि एक समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर बराबर एवं लम्बवत हो तो वह एक वर्ग होता है।
- त्रिभुज की दो भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाला रेखाखण्ड तीसरी भुजा को समान्तर एवं उसका आधा होता है।
- त्रिभुज की एक भुजा के मध्य बिन्दु से एक अन्य भुजा के समान्तर खींची गई रेखा तीसरी भुजा के समद्विभाजित करती है।

- एक ही आधार और एक ही समान्तर रेखाओं के बीच स्थित समान्तर चतुर्भुजों के क्षेत्रफल बराबर होते हैं।
- बौधायन प्रमेय (पाइथोगोरस प्रमेय) एवं इसका विलोम।

3. उपर्युक्त प्रमेयों का उपयोग करते हुए इन पर आधारित ज्यामितीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए हल करवाएें। यथा –

   - प्रयोग द्वारा एवं सैद्धान्तिक रुप से सिद्ध कीजिए कि समान्तर चतुर्भुज के समद्विभाजक एक आयात बनाते हैं।
   - ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है तथा AP और AP और CQ और CQ शीर्ष A एवं C से विकर्ण BD पर क्रमशः लम्ब हैं तो सिद्ध कीजिए कि–

     i. $\Delta APB \quad \Delta CQD$

     ii. $AP = CQ$

6-6 eY;kdu

1. क्या एक वर्ग, एक आयत व एक चतुर्भुज भी है ?
2. क्या समान्तर चतुर्भुज समलम्ब चतुर्भुज भी है ?
3. पतंग एक समान्तर चतुर्भुज नहीं है। क्यों ?
4. एक आयत अथवा एक समचतुर्भुज, एक वर्ग नहीं है। क्यों ?

6-7 leg dk;Z

1. विभिन्न प्रकार के चतुर्भुजों के गुणधर्मों एवं विशेषताओं पर आधारित चार्ट बनवाएें।
2. थर्माकोल शीट का प्रयोग करते हुए बाोधापन प्रमेय (पाईथोगोरस प्रमेय) के सत्यापन हेतु मॉडल बनवाएें।

7 oÙr] pki vkSj mlds }kjk vUrfjd dks.k] oÙr dh Li'kZ js[kk,sa ,oa lEcfU/kr jpuk,sa &

7-1 iLrkouk & एक घास मै मौदान में एक खूंटे से बंधा घोड़ा अधिक से अधिक कितने क्षेत्र में (घास चरने हेतु) विचरण कर सकता है? इस उदाहरण से केन्द्र, त्रिज्या, परिधि और क्षेत्रफल सहित वृत्त तथा उसके अवयवों को आसानी से समझ सकते हैं।

इसके आगे वृत्त के चाप द्वारा केन्द्र तथा शेष परिधि पर अन्तरित कोणों एवं चक्रीय चतुर्भुजों से सम्बन्धित विभिन्न प्रमेयों का सत्यापन करेंगे।

7-2 ppkZ ds eq[; fcUnq oÙr vkSj mlds Hkkx] lEcfU/kr lenjLFk thok,a] lokZxle pkS

- चाप और उसके द्वारा अन्तरित कोण पर आधारित प्रमेयों का सत्यापन
- जीवा द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण पर आधारित प्रमेय का सत्यापन
- चक्रीय चतुर्भुज पर आधारित प्रमेयों का सत्यापन
- वृत्त एवं स्पर्श रेखाओं पर आधारित प्रमेयों का सत्यापन
- वृत्त का स्पर्श रेखाओं की रचना करना।
- वृत्त के अन्तर्गत एवं परिगत त्रिभुज की रचना।

7-3 ppkZ ls vis{kk,a & 1. वृत्त पर आधारित विभिन्न प्रमेयों का सैद्धान्तिक एवं गतिविधि आधारित (आगमन–विधि से) सत्यापन कर सकेंगे।

2. वृत्त से संबंधित विभिन्न रचनाओं को कुशलतापूर्वक (चरणबद्ध ढंग से) कर सकेंगे।

7-4 f'k{k.k&vf/kxe lkexzh& ज्यामितीय बॉक्स (बड़ा एवं छोटा); कागज (शीट) के कटे हुए वृत्त, ट्रेसिंग पेपर, कैंची, धागा, वृत्तीय तथा सत्यापन यंत्र, रंगीन कागज आदि रंगीन चॉक, मार्कर पेन, स्केल (बड़ी) आदि

7-5 iLrqrhdj.k &

शिक्षक कार्ड शीट / श्यामपट या कागज पर विभिन्न त्रिज्याओं के वृत्त बनाकर अभीष्ट रचना करके गतिविधि द्वारा (मापन से आगमन सिद्धान्त से) या प्रायोगिक विधि से प्रमेय या उपप्रमेय का सत्यापन सहभागिता के आधार पर करेगा। इसके पश्चात् पाठ्य पुस्तकानुसार सैद्धान्तिक सत्यापन (उपपति सहित) विश्लेषण–संश्लेषण विधि से सबकी सहभागिता से (क्रमबद्ध–चरणबद्ध ढंग से) करेगा। ¼ fp= cuok,¡ vkSj ppkZ djsa½

चर्चा के द्वारा प्रमेय में प्रयुक्त शब्दावलियों का अर्थ उदाहरण एवं चित्र सहित स्पष्ट –

जैसे – चापखण्ड, वृत्त खण्ड, त्रिज्या खण्ड, केन्द्र पर अन्तरित कोण, शेष परिधि (दिये गये चाप को छोड़कर) पर अन्तरित कोण, सम्मुख या अभिमुख कोण, अन्तराभिमुख कोण, जीवा–व्यास, चक्रीय चतुर्भुज, छेदक रेखा–स्पर्श रेखा, एकान्तर वृत्त खंड आदि। ¼ fp= cuok,¡ vkSj ppkZ djsa½

उपर्युक्त अवबोध के पश्चात् एक–एक करके निम्नांकित प्रमेयों का प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक सत्यापन करेंगे (पाठ्यक्रमानुसार)। ¼ fp= cuok,¡ vkSj ppkZ djsa½

tSls &

1. एक वृत्त की बराबर जीवाएँ केन्द्र से समान दूरी पर स्थित होती है।
2. एक चाप द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण, वृत्त के शेष भाग के किसी बिन्दु पर अंतरित कोण का दुगुना होता है।
3. चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण सम्पूरक होते हैं। आदि

¼ fp= cuok,¡ vkSj ppkZ djsa½

4. यदि वृत्त की स्पर्श रेखा के स्पर्श बिन्दु से एक जीवा खींची जाये तो इस जीवा द्वारा दी हुई स्पर्श रेखा के साथ बनाये गये कोण, क्रमशः जीवा द्वारा एकान्तर वृत्त खण्डों में बनाए गए कोणों के बराबर होते हैं।

5. दो वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्श–रेखाऐं
   अ– अन्तःस्पर्शी
   ब– बाह्य स्पर्शी
   स– जब वृत्त अप्रतिच्छेदी हो।

¼ fp= cuok,¡ vkj ppk dj½

रचनाएँ (ज्यामितीय बॉक्स से कार्ड शीट/श्यामपट पर)– प्रायोगिक कार्य करवाऐं

1 वृत्त पर स्थित बिन्दु पर स्पर्श रेखा की रचना।

2 बाह्य बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखा की रचना।

3 वृत्त के दिये गये कोण के वृत्त खंड की रचना।

4 त्रिभुज के अन्तर्गत वृत्त की रचना (किन्हीं दो अन्तः कोणों के समद्विभाजकों का संगठन बिन्दु अन्तःकेन्द्र)।

5 त्रिभुज के परिगत वृत्त की रचना (किन्हीं दो भुजाओं के समद्विभाजकों का संगमन बिन्दु–परिकेन्द्र)।

6 त्रिभुजों की रचना।

7 समरूप बहुभुजों (त्रिभुज एवं चतुर्भुजों) की रचना

वृत्त के दिये गये कोण के वृत्त खण्ड की रचना एवं अनुप्रयोग

¼ fp= cuok,¡ vkj ppk dj½

7-6 eY;kadu &

1. अर्द्धवृत्त में बनने वाला कोण .... होता है।
2. जब वृत्त बाह्य स्पर्शी हो तो उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाओं की संख्या .... होती है।
3. वृत्त के एक ही वृत्त खण्ड में स्थित कोण .... होते हैं।
4. चक्रीय समान्तर चतुर्भुज .... होता है।
5. किसी वृत्त की समान जीवाऐं केन्द्र से .... होती है।
6. एक वृत्त के चाप द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण, शेष परिधि के कोण से .... होता है।

7-7 fu"d"kZ &

पाठ्यक्रमानुसार किसी भी प्रमेय का प्रायोगिक सत्यापन करके सैद्धान्तिक उप्रत्ति को समझ सकते हैं। किसी भी निर्मेय (रचना) को चरणबद्ध–क्रमबद्ध ढंग से अनुसरण द्वारा निर्मित कर सकते हैं।

8- i"Bh; {k=Qy o vk;ru lUVj e yuk

8-1 Hkfedk

लम्बाई व चौड़ाई का ज्ञान करवाने के लिए सामान्यतः द्विमीय आकृतियों को श्यामपट्ट पर आसानी से बनाया जाता है। इन आकृतियों जैसे त्रिभुज, आयत, समलम्ब चतुर्भुज तथा किसी भी बहुभुजाकर क्षेत्र को समझाने के लिए प्रभावशाली विधियों के प्रयोग किया जाता है, ताकि इनका अनुप्रयोग संबंधित जगह पर किया जा सके। गणित में इन द्विविमीय आकृतियों के अलावा माध्यमिक स्तर के बालक–बालिकाओं को ऊँचाई को ध्यान में रखते हुए त्रिमित्रीय आकृतियों जैसे – धन, घनाभ, बेलन, शंकु, गोला इत्यादि के क्षेत्रफल व आयतन को ज्ञात करने की विधियों की जानकारी होना आवश्यक है। जिससे इन आकृतियों के बारे में विभिन्न क्रियाविधियों के द्वारा शिक्षार्थियों में अन्वेषणात्मक शक्ति का विकास किया जा सके। यहां विभिन्न ठोस आकृतियों के पृष्ठीय क्षेत्रफल व आयतन को आगमन–निगमन, प्रयोग, प्रदर्शन, प्रयोगशाला व सर्वेक्षण विधियों से प्रभावी ढंग से समझाने का प्रयास किया गया है।

8-2 ppk d e[; fcUn

यहाँ पर मुख्य अधिगम बिन्दुओं को अग्रांकित प्रकार से लिया गया है –

1. घन व घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल के सूत्र की व्युत्पत्ति।
2. बेलन के पृष्ठीय क्षेत्रफल के सूत्र की उत्पत्ति।
3. शंकु के पृष्ठीय क्षेत्रफल के सूत्र की उत्पत्ति।
4. गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल को संप्रत्य।
5. घन व घनाभ के आयतन के सूत्र की उत्पत्ति
6. बेलन के आयतन का सूत्र ।
7. शंकु व गोले के आयतन के संप्रत्यय को जानना

8-3 ppk l vf/kdk'k vi{kk,&

इस विषय वस्तु के शिक्षण के बाद शिक्षार्थी निम्नांकित अधिगम क्रियाओं को जान सकेंगे –

1. विभिन्न ठोस आकृतियों के क्षेत्रफल व आयतन के संप्रत्यय को जान सकेंगे।
2. घन व घनाभ के पृष्ठीय क्षेत्रफल के आगमन व निगमन विधि से निकालने में समर्थ हो सकेंगे।
3. बेलन के पृष्ठीय क्षेत्रफल को विभिन्न विधियों से निकालने में समर्थ हो सकेंगे।
4. शंकु व गोले को पृष्ठीय क्षेत्रफल को निकालना जान सकेंगे।
5. उपरोक्त ठोस आकृतियों के आयतन को निकालना जान सकेंगे।
6. विभिन्न ठोस आकृतियों के क्षेत्रफल व आयतन का अनुप्रयोग हो सकेगें तथा तर्क करने में समर्थ हो सकेंगे।

8-4 f'k{k.k vf/kxe lkexzh

घन – चौक का खाली डिब्बा, पासा, गत्ते, कार्ड बोर्ड, कार्ड शीट, कैंची, स्केल।

घनाभ– पुस्तक, माचिस की डिब्बी

शंकु – पेंसिल को छिलकर बनाना, क्ले, लट्टू, सोफ्ट, जोकर की टोपी

गोला– गेंद, फुटबाल, गोली आदि।

8-5 iLrqrhdj.k & ?ku o ?kukHk

1. घन व घनाभ बनाने के लिए गत्ते, कार्ड बोर्ड अथवा टीन के डिब्बे, लकड़ी का मॉडल दिखाते हुए उनके अवयवों के बारे में परिचित करवाऐं। इसकी सहायता से 6 फलक, 12 कोर और 8 शीर्षों के प्रति संप्रत्यय विकसित करवाऐं।
2. घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल जानने के लिए घनाभ की आकृति के डिब्बे को कोरों से काटकर समझाया जाएगा और सर्वांगसम पृष्ठों के बारे में बताया जायेगा और पृष्ठों को लेते हुए घनाभ के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का सूत्र निकालावाऐं।
3. घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल को जानने के लिए चॉक के डिब्बे को उपर्युक्त विधि से खोलकर करवाऐं। इसी विधि से ही घन व घनाभ का आयतन भी ज्ञात करवाऐं

4. आयतन के सूत्र (भुजा^{3}) को विभिन्न प्रयोगों द्वारा समझाएँ जाएगा।

प्रयोग –1 अ– एक नापने वाला जार लेते हैं। जार को पानी से भरकर उसका आयतन मापते हैं। अब ऐसा धातु का बना घनाभ लेते हैं जो उस जार में पूरा–पूरा डूबता है।

5. घनाभ को पानी से भरे हुए नपने जार में डालकर रीडिंग लेते हैं। हम देखते हैं कि जार में उतना ही पानी चढ़ेगा, जितना घनाभ का आयतन होगा। सूत्र की सहायता से आयतन निकालकर दोनो के परिणामों को सत्यापित करवाऐं।

i;kx&2

अ– एक लकड़ी का घनाभ लेते हैं जिसकी लम्बाई 5 सेमी, चौड़ाई 4 सेमी और ऊँचाई 2 सेमी है।

ब– हम 1 सेमी भुजा के 50 घन लेते हैं। इनमें से 5 सेमी घन एक सीधी रेखा में रखते हैं। उसके पास 5.5 और घन 4 कतारों में जमा करेंगे। अब इसके ऊपर 1–1 घन और रखकर गिनती कर लेंगे, जिनकी संख्या 40 होगी। इस प्रकार घनाभ का आयतन = 5 x 4 x 2 घन सेमी = 40 सेमी 3 होगा जो लम्बाई, चौड़ाई व ऊंचाई के गुणनफल के बराबर होगा। अर्थात समान मापों वाले आयतों को एक के ऊपर एक रखकर घनाभ बनाया जा सकता है। जिसका आयतन आधार का क्षेत्रफल x ऊँचाई होता है।

cyu& dk iu"Bh; {k=Qy

1. बेलन का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए शटल कॉक का खाली डिब्बा लेते हैं, जिनके दोनों ओर वृत्ताकार ढक्कन लगे हों।
2. अब खाली डिब्बे को इस प्रकार काटते हैं कि वह आयताकार आकृति बन जाए।
3. डिब्बे के दोनों वृत्ताकार पृष्ठों व आयताकार पृष्ठ का क्षेत्रफल निकालकर जोड़ देते हैं, जो बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ($2\pi r$

$(r + \lambda)$ ज्ञात हो जाएगा। इसी प्रकार अन्य बेलनाकार आकृतियां लेकर पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कर सकते हैं।

cyu dk vk;ru

1. जिस प्रकार समान मापों के आयतों को एक के ऊपर एक रखकर घनाभ बनाया जाता है उसी प्रकार समान मापों के वृत्तों को एक के ऊपर एक रखकर एक बेलन बनाया जा सकता है। इसलिए, उसी तर्क द्वारा जो हमने घनाभ के लिए लिया था कि बेलन का आयतन, आधार के क्षेत्रफल को ऊँचाई से गुणा करने पर प्राप्त होता है। अर्थात यह आयतन वृत्तीय आधार का क्षेत्रफल x ऊँचाई $= \pi r^2 h$ है। इसलिए बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$ है। जाहं r आधार की त्रिज्या और h बेलन की ऊँचाई है।

इसी प्रकार विभिन्न क्रियाओं द्वारा शंकु व गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल व आयतन ज्ञात कर शिक्षार्थी में प्रत्यय बोध किया जा सकता है।

8-6 eY;kadu

1. कितने सेमी की भुजा के घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन का संख्यात्मक मान समान होगा।
2. एक बेलन का आयतन 448 पाई वर्ग सेमी तथा ऊँचाई 7 सेमी है, उसका वक्र पृष्ठ ज्ञात करो।

8-7 leg dk;Z &

9 f=dk.kfefr (Trignometry)

9-1 Hkfedk &

हॉगबेन के अनुसार गणित को सभ्यता का दर्पण कहा गया है। गणित के द्वारा शिक्षार्थी की तर्कशीलता व चिन्तनशीलता का विकास किया जा सकता है और अन्वेषणात्मक शक्ति को मजबूत बनाया जा सकता है। गणित की एक नवीन शाखा त्रिकोणमिति है। त्रिकोणमिति के अतिरिक्त गणित की कोई ऐसी शाखा नहीं है, जो उसकी मध्य स्थिति का स्थान ले सके।

त्रिकोणमिति की व्युत्पत्ति ग्रीक शब्दों Tri जिसका अर्थ तीन, gon जिसका अर्थ है भुजा और Metron जिसका अर्थ है माप से हुई है। वस्तुतः त्रिकोणमिति में एक त्रिभुज की भुजाओं और काणों के बीच के सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। इस अध्याय मं गतिविधियों के आधार पर त्रिकोणमिति को सरलरुप में समझाने का प्रयास किया गया है।

9.2 चर्चा के मुख्यबिन्दु –

1. त्रिकोणमितीय संप्रत्यय
2. त्रिकोणमितीय अनुपात
3. कुछ विशिष्ट कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात
4. पूरक कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात
5. त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाऐं
6. त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग

9-3 ppk ls vi{kk,a &

इस अध्याय पर चर्चा के बाद अग्रांकित अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तन हो सकेगा –

1. त्रिकोणमितीय संप्रत्यय को जान सकेंगे।

2. त्रिकोणमितीय अनुपात त्रिभुज के कोण और उसकी भुजाओं की लम्बाई के बीच संबंध को जान सकेंगे।
3. कुछ विशिष्ठ कोणों व पूरक कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात को समझने में समर्थ हो सकेंगे।
4. त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाओं को समझने में सक्षम हो सकेंगे।
5. त्रिकोणमिति का विभिन्न समस्याओं को हल करने में प्रयोग कर सकेंगे।

9-4 f'k{k.k vf/kxe lkexh

समकोण त्रिभुज बनाने के लिए छड़ व धागा। थियोडोलाइट–एक सर्वेक्षण यंत्र जो त्रिकोणमिति के नियमों पर आधारित है, का प्रयोग एक घूर्णी टेलीस्कोप से कोणों का मापन किया जाता है।

9-5 iLrrhdj.k



किसी समकोण त्रिभुज में समकोण (90 डिग्री) के सामने वाली भुजा कर्ण तथा कोण θ के सामने वाली भुजा लम्ब व शेष भुजा आधार कहलाएगी। शिक्षार्थियों को यह ज्ञान हो जाएगा।

$\text{Sin}\,\theta = \frac{\text{लम्ब}}{\text{कर्ण}}$

$\text{Cos}\,\theta = \frac{\text{आधार}}{\text{कर्ण}}$

$\text{Tan}\theta = \frac{\text{लम्ब}}{\text{आधार}}$

$\text{Cot}\,\theta = \frac{\text{आधार}}{\text{लम्ब}}$

$\text{Sec}\,\theta = \frac{\text{कर्ण}}{\text{आधार}}$

$\text{Cosec}\,\theta = \frac{\text{कर्ण}}{\text{लम्ब}}$

अतः दूसरी $\frac{LAL}{KKA}$ से याद करवा दिया जावेगा

Cirrelation $\quad$ Sin ɵ = $\frac{1}{\text{Cosec } ɵ}$ $\qquad$ Cos ɵ = $\frac{1}{\text{Sec } ɵ}$

Tan ɵ = $\frac{1}{\text{Cot } ɵ}$ $\qquad$ Cos ɵ = $\frac{1}{\text{Sec } ɵ}$

त्रिकोणमितीय कोणों का ज्ञान

सबसे पहले 0 से 4 तक की संख्याऐं लिखेंगे फिर प्रत्येक संख्या को 4 से भाग देकर वर्गमूल लेंगे तो हमारे पास $\frac{\sqrt{0}}{4}$ $\frac{\sqrt{1}}{4}$ $\frac{\sqrt{2}}{4}$ $\frac{\sqrt{3}}{4}$ $\frac{\sqrt{4}}{4}$ अतः Sin ɵ = 0

Sec 30^0= ½

Sin 60' = 3/2 Sin 45^0 = 1/J2

Sin $90'$ = 1

	0'	30'	45'	60'	90
Sin ɵ	0	½	1/ 2	J3/21	1
Cos ɵ	1	3/2	1/2	½	0
Tan ɵ	0	1/3	1	3	∞
Cot ɵ	∞	3	1	1/ 3	0
Sec ɵ	1	2/3	2	2	∞
Cosec ɵ	∞	2	2	2	1

Example

fp= cuok,

उदाहरण – जैसे एक नदी के पुल के एक बिन्दु से नदी के सम्मुख किनारे के अवनयन कोण, क्रमश 30^0 और 45^0 है यदि पुल किनारों से 3 मी. की ऊँचाई पर हो तो नदी की चौड़ाई ज्ञात करवाऐं –

हल – आवृत्ति में A और B नदी के सम्मुख किनारों के बिन्दुओं को प्रकट करते हुए जिसमें AB नदी की चौड़ाई है, 3 मी. भी ऊचाई पर बने पुल पर एक बिन्दु P अर्थात DP = 3M है हम नदी की चौड़ाई प्राप्त करना चाहते हैं तो त्रिभुज APB

AB = AD + DB

त्रिभुज $\quad$ समकोण में LA = 30'

अतः $\quad$ Tan 30^0 = $\frac{PD}{AD}$ = $\frac{1}{3}$ = $\frac{3}{AD}$

या $\quad$ AD = 3 / 3

समकोण त्रिभुज PBD में LB = 45' है इसलिए

$$BD = PD = 3m$$
$$AB = BD + AD = 3 + 3/3$$
$$= 3\ (1 + /3)$$

नदी की चौड़ाई 3 (3+1)m Ans.

9-6 eY;kdu

1. भूमि के एक बिन्दु से एक 20मीटर ऊचे भवन के शिखर पर लगी एक संचार मिनार के तल और शिखर के उन्नयन कोण क्रमश 45^0 व 60^0 है। मिनार ऊँचाई ज्ञात करो –

2 7 मीटर ऊचे भवन के शिखर से एक केबल टावर के शिखर का उन्नयन कोण 60^0 है और इसके पार का उन्नयन कोण 45 डिग्री है। टावर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

leg dk;l &

10- xf.kr i;kx'kkyk ,o ik;ktuk½ dk;

10-1 Hkfedk

साधारणतया गणित विषय के लिए यह कहा जाता है कि यह एक जटिल विषय है, लेकिन यह मात्र एक भ्रम है, इस भ्रम को दूर करना अध्यापक के हाथ में है। वह ऐसा तब कर सकते हैं जब वे इस विषय को रोचक ढंग से प्रस्तुत करें। रोचकता लाने हेतु इन्हें कुछ क्रियाएं सोचनी होगी। व्यवहार में अथवा दैनिक जीवन में गणित को ढूंढना होगा। NCF 2005 के अनुसार कहें तो हमें बालक को मेथेमेटाइजेशन करने से पहले अध्यापक का मेथेमेटाइजेशन करना होगा, चिन्तन में गणित को लाना होगा ऐसा तभी हो सकता है जब हम हमारे मस्तिष्क में आयी अमूर्त क्रियाओं को मूर्त रुप कम दे सकें और यह सम्भव हो सकेगा यदि विद्यार्थी खुद इनका निर्माण कर सके। निर्माण की इस प्रक्रिया में इसकी भागीदारी सुनिश्चित तभी होगी जब विज्ञान की तरह गणित प्रयोगशाला का निर्माण कर सकें।

10--2 ppk d e[; fcUn %&

1. गणित प्रयोगशाला की आवश्यकता एवं महत्ता।
2. गणित प्रायोजनाओं की आवश्यकता एवं महत्ता।
3. गणित प्रयोगशाला में की जाने वाली क्रियाओं के कुछ उदाहरण।
4. गणित प्रायोजनाओं में की जाने वाली क्रियाओं की सूची जिन पर चर्चा की जा सके।

10-3 ppk l vi{kk,&

मॉड्यूल के इस अध्याय का अध्ययन करने के पश्चात आप निम्नलिखित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

विद्यालयों में गणित प्रयोगशालाओं का निर्माण क्यों –:

1. आवश्यक है एवं इसकी क्या महत्ता है ?
2. गणित प्रयोगशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी को क्रिया–आधारित गणित शिक्षण कैसे प्रस्तुत कर सकें।

3. विद्यार्थी के मस्तिष्क में उठे हुये विचारों का गणितीकरण हो सके।

4. अध्यापक स्वयं अपने विचारों का गणितीकरण कर सके।

5. विद्यार्थी के मस्तिष्क में गणित प्रायोजनाओं के निर्माण हेतु विचार–प्रक्रिया बन सके।

6 विद्यार्थी गणित प्रायोजनाओं का निर्माण कर सके।

10-4 f'k{kd vf/kxe lkexzh & सहायक सामग्री निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार

10-5 iLrqfrdj.k

1. गणित प्रयोगशाला की आवश्यकता एवं महत्ता –

- गणितीय प्रयोगशाला सर्वप्रथम एक प्रयोगशाला है, जिसमें गणितीय उपकरणों के साथ प्रयोग किये जाते हैं, जैसे अंक एवं ज्यामितीय आकृतियों के नये तरीके खोजना। तथ्य या अवधारणाएं बनाना एवं उन्हें प्रयोग के माध्यम से सिद्ध करना। यह वह स्थान है, जहाँ विद्यार्थी रोमांच एवं उत्साह के साथ उन विधियों को खोजते हैं, जो गणित के लिए तो नवीन नहीं है, लेकिन विद्यार्थियों के लिए नवीनतम विधियाँ है।
- कुछ व्यक्ति गणितीय प्रयोगशाला को एक स्थान विशेष से सम्बन्धित मानते हैं, जहाँ अभिभावकों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा चार्टस एवं मॉडल बनाये जाते हैं, जो कि गणित के अमूर्त विचारों को मूर्त में बदलने एवं विद्यार्थियों को समझने में सहायता प्रदान करते हैं।
- गणितीय प्रयोगशाला एक स्थान है जहाँ चार्टस एवं मॉडल के अतिरिक्त केलकुलेटर एवं कम्प्यूटर का प्रयोग भी किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थी गणितीय गणना करने में आनन्द ले सके एवं अधिक तीव्रता से हल कर सके।
- इस तरह से गणितीय प्रयोगशाला वह स्थान है जहाँ विद्यार्थी सक्रिय होकर उस अधिगम प्रक्रिया के अन्तर्गत ज्ञान प्राप्त करते हैं, जो कि शीघ्रता से भुला ना सके।

2- xf.kr ik;ktukvk dh vko';drk ,o egÙo &

- विद्यार्थियों द्वारा पहले से पढ़ाये गये सम्प्रत्ययों के प्रति गहन समझ।
- गणितीय अनुप्रयोगों की समझ।
- गणित के नवीन प्रकरण के अवबोध के लिए जो कि विद्यार्थी द्वारा कक्षा कक्ष में पहले से सीखा जा चुका है, उसके विस्तार के लिए।
- वातावरण के कुछ तथ्य जो कि गणित से सम्बन्धित है, लेकिन कक्षा—कक्ष में नहीं पढ़ाये गये हैं।
- गणितीय प्रयोगशालाओं में समस्या—समाधान सत्र के दौरान वरिष्ठ छात्रों द्वारा अपने से छोटी कक्षा के विद्यार्थियों की समस्या के समाधान में सहायता करना।
- गणितीय प्रयोगशाला में विद्यार्थी परस्पर विचार—विमर्श करते हैं एवं अध्यापकों द्वारा निष्कर्ष प्राप्ति में सहायता की जाती है। इस प्रकार वे अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं।

3- fo|kfFk;k }kjk dh tkus okyh xfrfrf/k;k dh lph &

1. गणित का इतिहास
2. भारतीय गणितज्ञ
3. तटस्थ भवनों/आकृतियों के विभिन्न आकारों का अध्ययन करना एवं ज्ञात करना कि ऐसी क्यों है ?
4. हॉकर्स एवं वेन्डर्स द्वारा प्रतिपादित मौखिक गणनाओं की विभिन्न विधियों का अध्ययन।
5. विभिनन बिलों जैसे बिजली, पानी, टेलीफोन आदि का अध्ययन करना।
6. विभिन्न मुद्रा नोटों जैसे 10, 20, 50, 100 और 500 का अध्ययन।
7. संख्या तंत्र के विकास का इतिहास।
8. चार भारतीय गणितज्ञों एवं उनके योगदान पर लेख लिखना।
9. चार भारतीय गणितज्ञों के विकास का इतिहास।
10. गणित में पुनर्रचनात्मक खेल।

11. गणित में प्रश्नोत्तरी एवं पहेलियां।
12. अध्यापकों के अनुभवजनित कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाले गलतियों की सूची।
13. पाइथोगोरस प्रमेय के विभिन्न प्रमाण।
14. जीवन में सांख्यिकी के उपयोग।
15. जीरो (शून्य) का अध्ययन।
16. घड़ी अकंगणित।
17. दैनिक जीवन में त्रिकोणमिती के अनुप्रयोग।
18. पिरामिडीय संख्याओं का त्रिकोणमितीय एवं वर्ग संख्याओं के साथ सम्बन्ध।
19. दैनिक जीवन में ज्यामिती का उपयोग।
20. कम्प्यूटर का इतिहास।
21. ग्राफिकल विधि द्वारा दो चरों में रेखिक समीकरणों के दिये गये जोड़ों की निरन्तरता एवं अनिरन्तरताा की स्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
22. कागज काटने एवं चिपकाने की विधि द्वारा सत्यापित करना कि दिया गया क्रम एक अंकगणितीय प्रगति है।
23. चित्रात्मक विधि द्वारा सत्यापित करना कि प्रथम N प्राकृत संख्याओं का योग $\frac{n(n+1)}{2}$ होता है।
24. एक क्रियात्मक विधि द्वारा सत्यापित करना कि प्रथम n विषम प्राकृत संख्याओं का योग n^2 होता है।
25. समान्तर क्रम बोर्ड एवं त्रिकोणीय कटआउट्स का प्रयोग करते हुए आधार समानता प्रमेय की सत्यापित करना।
26. कागज मोड़ना, काटना एवं चिपकाना विधि द्वारा पाइथोगोरस प्रमेय को सत्यापित करना।
27. कागज मोड़ना, काटा एवं चिपकाना विधि द्वारा सत्यापित करना कि वृत्त के बाहर दूर स्थित बिन्दु से खींची गई स्पर्श रेखाएं समान होती है।
28. सुझावात्मक प्रदर्शन विधि सूत्र उत्पन्न करना कि वृत का क्षैत्रफल, वृत्त की परिधि एवं त्रिजया के गुणा का आधा होता है।

(अ) कालिंग विधि से।

(ब) कागज काटना एवं चिपकाना विधि।

29. सत्यापित करना कि किसी त्रिभुज के केन्द्रक द्वारा समान भुजा 'r' के बनाये गये तीन भागों के क्षेत्रफलों का योग $\frac{rr^2}{2}$ होता है।

30 दो वृत्ताकार बेलनों के वक्र पृष्ठों के क्षेत्रफलों की तुलना करना जो कि उस आयताकार पृष्ठ से बनाये गये हैं, जिसमें समान विमाएं है।

(अ) दो वृत्तकार बेलनों के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफलों की तुलना करना जो कि उस आयताकार पृष्ठ से बनाये गये है, जिसमें समान विमाएं है।

31. दो वृत्ताकार बेलनों के आयतनों की तुलना करना जो कि उस आयताकार पृष्ठ से बनाये गये हैं, जिसमें समान विमाएं है।

उदाहरण स्वरूप कुछ प्रायोजनाएं यहाँ प्रस्तुत की जा रही है।

lgk;d lkexh fuek.k

1. सहायक सामग्री का नाम – वृत्त के क्षेत्रफल का मॉडल

प्रकरण जिसक लिए प्रयुक्त की जा सके – वृत्त का क्षेत्रफल πr^2 के सत्यापन हेतु।

बनाने हेतु सामग्री – प्लाई, पेन्ट (Paint), कील, चाकू (Cutter)

मॉडल बनाने की विधि – सर्वप्रथम हम 25" x 25" की एक प्लाई लेंगे। फिर इसके केन्द्र से 21 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त बनायेंगे। अब इस वृत्त को समान कोणों के आधार पर 16 भागों में काट कर अलग कर देंगे। प्रत्येक भाग (strip) का कोण 360^0 = 22.5^0 होगा। अब वृत्त की प्रत्येक पट्टी (strip) पर क्रमांक लिखकर उन पर एक–एक कील इस प्रकार लगायेंगे कि कील का कुछ भाग बाहर की तरफ निकला रहे। जिसकी सहायता से हम इन पट्टियों को वृत्त में लगा सके या वृत्त में से निकाल सकें तथा साथ ही प्रत्येक पट्टी पर एक–एक छिद्र भी बनायेंगे।

अब हम एक अन्य 70" x 25" की प्लाई लेंगे इस पर 64" x 21" का एक समान्तर चतुर्भुज बनायेंगे। अब इस समान्तर चतुर्भुज में समान दूरी पर आठ कीले लगायेंगे।

इस समान्तर चतुर्भुज में हम वृत्त की सभी पट्टियों को एक निश्चित क्रम में व्यवस्थित करेंगे।

इस प्रकार उपरोक्त उद्देश्य प्राप्त करने हेतु हमारा प्रकरण दो भागों में पूर्ण होता है – (1) वृत्त, (2) समान्तर चतुर्भुज

कार्य प्रणाली – हमने $r = 21$ cm त्रिज्या का वृत्त बनाया है। अतः इस वृत्त की प्रत्येक पट्टिका की लम्बाई 21 सेमी होगी। प्रत्येक strip का कोण $\frac{360^0}{16} = 22.50$ होगा।

हम जानते है कि वृत्त की परिधि $= 2\pi r$ होती है।

अतः हम इसकी सहायता से प्रत्येक पट्टि के चाप की लम्बाई ज्ञान कर सकते हैं। चूँकि सम्पूर्ण वृत्त 16 भागों में विभाजित है। अतः

16 पट्टियों के चापों की कुल लम्बाई $= 2\pi r$

1 पट्टि के चाप की लम्बाई $= \frac{2\pi r}{16} = \pi r$

हम इन पट्टियों को समान्तर चतुर्भुज में चित्रानुसार व्यवस्थित करेंगे इस प्रकार समान्तर चतुर्भुज की लम्बाई πr होगी व समान्तर चतुर्भुज की चौड़ाई r होगी।

हम जानते है कि समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = लम्बाई x चौड़ाई

$= 2\pi r \times r = \pi r^2$ होगा

जो कि वृत्त का क्षेत्रफल है।

अतः स्पष्ट होता है कि वृत्त का क्षेत्रफल πr^2 होता है।

सहायक सामग्री का नाम – सकेन्द्रीय वृतों के मध्य के क्षेत्रफल का मॉडल।

प्रकरण जिसके लिए प्रयुक्त की जा सके – सकेन्द्री वृतों के मध्य का क्षेत्रफल ज्ञात करने हेतु।

बनाने हेतु सामग्री – प्लाई, पेन्ट, फेवकोल/कील, काटने के चाकू (cutter)

मॉडल बनाने की विधि – सर्वप्रथम हम एक 24" x 24" इंच की एक प्लाई लेंगे। फिर इसके केन्द्र से 25 सेमी त्रिज्या का एक वृत बनायेंगे। इसी केन्द्र से 13 सेमी त्रिज्या

का एक अन्य वृत बनायेंगे। इस 13 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त (1) व 25 सेमी त्रिज्या वाले वृत को वृत्त (2) का नाम देंगे। अब वृत्त (1) को कटर से काटर कर अलग कर देंगे।

अब वृत्त (1) के केन्द्र से एक सिधी रेखा इसकी सतह तक खीचेंगे जो वृत्त (1) की त्रिज्या r_1 को दर्शायगी। अब वृत्त (1) के केन्द्र पर नॉब लगायेंगे और अब वृत्त (1) को पुनः वृत्त (2) में व्यवस्थित कर देंगे।

चूँकि दोनों वृत्तों का केन्द्र एक ही है, अतः वृत्त (1) के केन्द्र से एक अन्य सीधी रेखा वृत्त (2) की सतह तक खीचेंगे जो वृत्त (2) की त्रिज्या r_2 को प्रदर्शित करेगी।

अब हम एक अन्य की 24″ x 24″ इंच की एक प्लाई लेंगे। इस प्लाई को हम पहले वाली प्लाई के नीचे फेविकोल/कील से चिपका देंगे।

इस प्रकार से हमारा उपरोक्त मॉडल बनकर तैयार हो जायेगा।

कार्य प्रणाली – वृत्त (1) को वृत्त (2) से अलग कर देने पर हमें जो क्षेत्रफल का प्राप्त होता है वहीं क्षेत्रफल संकेन्द्रीय वृत्तों के मध्यम का क्षेत्रफल होगा। जो कि हमें ज्ञात करना है।

इसके लिए यदि हम वृत्त (2) के क्षेत्रफल में से वृत्त (1) के क्षेत्रफल घटा दे तों हमें सकेन्द्री वृतों के मध्य का क्षेत्रफल प्राप्त हो जायेगा।

हम जानते है कि r त्रिज्या वाले वृत्त का क्षेत्रफल πr^2 होता है।

अतः r^2 त्रिज्या वाले वृत्त (2) का क्षेत्रफल πr_2 व r_1 त्रिज्या वाले वृत्त (1) का क्षेत्रफल $\pi \quad r^2$ होगा।

हमें वृत्त (2) के क्षेत्रफल में से वृत्त (1) का क्षेत्रफल घटाना है।

अतः सकेन्द्री वृत्तों के मध्य का क्षेत्रफल $= \pi r^2{}_2 = \pi r^2{}_1$

$= (r^2{}_2 - r^2{}_{21})$

इस प्रकार सकेन्द्री वृत्तों के मध्य का क्षेत्रफल $\pi(r^2{}_2 - r^2{}_1)$ होता है। ,

I gk;d I kexh dk uke &

दो समान्तर रेखाओं के बीच समान आधार वाले त्रिभुजों का क्षेत्रफल समान होता है।

i:dj.k] ftl d: fy, i:;|ä dh tk ld: &

चित्र में दिखाएं अनुसार दो समान्तर रेखाओं l व m ममें आधार AB पर बने विभिन्न त्रिभुजों का क्षेत्रफल समान होता है।

cuku: gr| lkexh &

25／15 इंच की प्लाई फ्रेम, रंग, ब्रश, कीले, प्रत्यास्थ डोरियां दो 23 इंच लम्बी लकड़ी की बनी पट्टी आदि।

चित्र –



ekMy cuku: dh fof/k &

सर्वप्रथम प्लाई की सतह को काले रंग से पेन्ट करेंगे। एवं लकड़ी की दोनों पट्टियों को सफेद रंग से पेन्ट करेंगे। सूखने के बाद दोनों पट्टियों को प्लाईवुड की लम्बाई के समान्तर व परस्पर समान्तर फिक्स कर देंगे।

अब चित्र में दिखाए अनुसार विभिन्न बिन्दुओं पर कीले लगाएंगे। आधार AB पर डोरी बांधेंगे तथा एक अन्य डोरी को A व B से इस प्रकार बांधेंगे कि इसे दूसरी पट्टिका के विभिन्न बिन्दुओं (कीलों) पर टंगाया जा सके। इस प्रकार विभिन्न त्रिभुजों की ऊँचाई ज्ञात करने के लिए एक अन्य डोरी लेते हैं।

कार्य–प्रणाली – हम जानते है कि आधार AB पर बंधी प्रत्यास्थ डोरी को दूसरी पट्टिका के विभिन्न बिन्दुओं C, P, D तथा E पर लगाने से त्रिभुज ΔABC, ΔABD तथा ΔABE क्रमशः प्राप्त होते हैं।

त्रिभुज का क्षेत्रफल = ½ x आधार x ऊँचाई

अर्थात् त्रिभुज का क्षेत्रफल उसके आधार एवं ऊँचाई पर निर्भर करता है। उपयुक्त सभी त्रिभुजों का आधार AB ही है। इनकी ऊँचाई क्रमशः CS, BP, DF तथा GE है। जो कि समान्तर रेखाओं के बीच की लम्बवत दूरीयां है।

हम जानते हैं कि समान्तर रेखाओं के बीच की दूरीयां सदैव बराबर होती है। अतः सभी त्रिभुज समान ऊँचाई के है। जिनकी ऊँचाई को हम डोरी से भी नाम सकतें है।

सिद्ध है कि सभी त्रिभुज समान क्षेत्रफल के हैं।

10-6 eY;kdu &

1. गणित प्रयोगशाला क्यों आवश्यक है ?
2. प्रायोजना कार्य की क्या उपयोगिता है ?

10-7 leg dk;l

11- i'u i= fuekZ.k

11-1 Hkfedk

किसी कार्य को करने के पीछे कोई न कोई उद्देश्य होता है। उद्देश्य की प्राप्ति के लिये हम योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हैं कुछ समय पश्चात् यह जानने की इच्छा होती है कि जो उद्देश्य निर्धारित किये थे उनको प्राप्त करने में कहां तक सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्य मूल्यांकन के द्वारा किया जा सकता है।

मूल्यांकन के अलिनेक प्रविधियों का प्रयोग होता है। परीक्षा मूल्यांकन की एक प्रविधि है जिसका प्रयोग गणित विषय में अधिकतम किया जाता है। परीक्षा लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक रूप में हो सकती है। यहां पर लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र निर्माण की प्रक्रिया दी जा रही है ?

11-2 ppk@fØ;k dyki d e[; fcUn

1. परीक्षण की योजना
2. इकाई परख का निर्माण

11-3 ppk l vi{kk;

आप इस अध्याय को पढ़कर यह जान पायेंगे कि –

- इकाई परख का निर्माण करने से पूर्व उसकी योजना किस प्रकार से बनायी जाती है।
- इकाई परख के अन्तर्गत उद्देश्यों को किस क्रम में लेना है तथा उनका भारांकन किस प्रकार होगा ?
- एक इकाई को उपइकाईयों में विभक्त करना
- इकाई एवं उसकी उपइकाइयों में से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का चयन करना।
- परीक्षण की योजना (नील पत्र) बनाना
- नील पत्र के आधार पर इकाई परख का निर्माण करना।

11-4 f'k{k.k & vf/kxe lkexzh &

पारदर्शी, पारदर्शी मार्कर, कार्डसीट, पुस्तक, स्केल, पेन, पेन्सिल, रबर इत्यादि।

11-5 iLrqrhdj.k

इकाई का नाम – बेलन, शंकु और गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन

1- ijh{k.k dh ;kstuk &

जिस प्रकार भवन का निर्माण करने से पहले उसका एक नक्शा बना लिया जाता है तथा कारीगर उसी नक्शे के आधार पर भवन का निर्माण करता है उसी प्रकार एक इकाई परख के निर्माण से पूर्व उसकी योजना बनायी जाती है, जिसे नील पत्र/आधार पत्र कहा जाता है। आधार पत्र का निर्माण (ब्ल्यू प्रिन्ट)

v& f'k{k.k mn~ns';ksa dk vad Hkkj

इकाई परख हेतु जिन उद्देश्यों की उपलब्धि का पता लगाना है, उन्हें अंक भार दिया जाता है।

Øe la-	f'k{k.k mn~ns';	vad	izfr'kr
1	ज्ञान	02	10
2	अवबोध	04	20
3	अनुप्रयोग	04	20
4	कौशल	10	50
योग		20	100

c& bdkbZ@mibdkbZ;ksa dk vadHkkj

इकाई परख हेतु जिन इकाई/उपइकाईयों को सम्मिलित करना है, उनको अंकभार दिया जाता है।

Øe la-	f'k{k.k mn~ns';	vad	izfr'kr
1	लम्ब वृत्तीय बेलन	04	20
2	खोखला बेलन	04	20
3	शंकु	06	30
4	गोला	06	30
योग		20	100

l& iz'uksa ds izdkjksa ds vk/kkj ij vad Hkkj

इकाई परख हेतु प्रश्नों के प्रकारों के आधार पर अंक भार दिया जाता है तथा प्रश्नों की संख्या भी निर्धारित की जाती है –

Ø-la-	iz'uksa ds izdkj	iz'uksa dh la[;k	vad Hkkj	izfr'kr
1	वस्तुनिष्ठ	08	04	20
2	अति–लघुत्तरात्मक	04	04	20
3	लघुत्तरात्मक	02	04	20
4	निबन्धात्मक	02	08	40
योग		16	20	100

i'u i= dk vk/kkj i=d

शिक्षण उद्देश्य	ज्ञान				अवबोध				अनुप्रयोग				कौशल				योग
प्रश्नों के प्रकार (इकाई / उपइकाई)	वस्तुनिष्ठ	अति–लघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	निबन्धात्मक	वस्तुनिष्ठ	अति–लघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	निबन्धात्मक	वस्तुनिष्ठ	अति–लघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	निबन्धात्मक	वस्तुनिष्ठ	अति–लघुत्तरात्मक	लघुत्तरात्मक	निबन्धात्मक	अंकों व प्रश्नों का योग
लम्बवृत्तीय बेलन	½ (2)	–	–	–	–	1(2)	–	–	–	–	–	–	1(2)	–	–	–	4 (6)
खोखला बेलन	½ (2)	–	–	–	–	1(1)	–	–	–	–	2(1)	–	–	–	–	–	4 (4)
शंकु	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	2(1)	–	–	–	–	4 (1)	6 (2)
गोला	–	–	–	–	–	1(1)	–	–	–	–	–	–	½ (2)	–	–	4 (1)	6 (4)
योग	2(4)	–	–	–	–	4(4)	–	–	–	–	4(2)	–	2 (4)	–	–	8 (2)	20 (16)

नोट – कोष्ठक के अन्दर प्रश्नों की संख्या एवं कोष्ठक के बाहर अंकभार दर्शाया गया है।

bdkbZ iz'u i=

fo"k; & xf.kr

le; & 1 ?k.Vk d{kk&nloha i.kkZd & 20

नोट – सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के आगे अंक दिये गये हैं।

1. लम्बवृत्तीय बेलन के पृष्ठीय क्षेत्रफल का सूत्र है – ½

(1) $\pi r^2\lambda$ (2) $2\pi r\lambda$ (3) $2\pi r(r + h)$ (4) $\pi r(r + h)$

2. लम्बवृत्तीय बेलन के आयतन का सूत्र है – ½

(1) $½\pi r^2\lambda$ (2) $1/3\pi r^2\lambda$ (3) $\pi r^2\lambda$ (4) $\pi r^3 \lambda$

3. खोखला बेलन, बेलनों से मिलकर बनता है – ½

(1) 2 (2) 3 (3) 1 (4) 4

4 खोखले वेतन के वक्र पृष्ठ के क्षेत्रफल का सूत्र होता है –

(1) $2\pi(r_1 + r_2)$ (2) $2\pi(r_1 + r_2)\lambda$ (1) $\pi(r_1 + r_2)$ (2) $\pi(r_1 + r_2)\lambda$

5. बेलनाकार बोतल का व्यास 10 सेमी है। यदि उसमें 14 सेमी ऊँचाई तक द्रव भरा हो तो द्रव का आयतन है –

(1) 1200 घन सेमी (2) 1100 घन सेमी
(3) 1500 घन सेमी (4) 1150 घन सेमी

6. यदि एक बेलन की ऊँचाई 11 सेमी और वक्र पृष्ठ 968 वर्ग सेमी है, तो बेलन की त्रिज्या है –

(1) 3 सेमी (2) 7 सेमी (3) 3.5 सेमी (4) 14 सेमी

7. सीसे के एक घन की कोर 11 सेमी है। घन को पिघलाकर 1 सेमी व्यास की गोलियां बनाई जा सकती है –

(1) 2541 (2) 2154 (3) 5245 (4) 1245

8. यदि दो गोलों की त्रिज्याओं का अनुपात 2:3 है, तो उनके आयतन का अनुपात है

(1) 7 : 8 (2) 8 : 27 (3) 4 : 9 (4) 1 : 27

9. ठोस लम्बवृत्तीय बेलन के आयतन व π त्रिज्या r व ऊँचाई λ में क्या सम्बन्ध होता है?

10. ठोस लम्बवृत्तीय बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिये कौनर–कौनसी राशियों की आवश्यकता होती है ?

11. खोखले बेलन का आयतन $\pi(r_1^2 + r_2^2)\lambda$ सूत्र से ज्ञात किया जाता है। सूत्र में त्रुटि बनाईये।

12. ठोस अर्द्ध गोले एवं खोखले अर्द्ध गोले के सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफलों के सूत्रों में क्या अन्तर होता है ?

13. लम्बवृत्तीय बेलन के आयतन के सूत्र का उपयोग दैनिक जीवन में कहां–कहां होता है ? चार उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिये

14. शंकु के आयतन के सूत्र को प्रायोगिक रूप से बताईये।

15. एक शंकु की त्रिज्या और ऊँचाई का अनुपात 3:4 है। यदि इसका आयतन 301.44 घनसेमी हो तो शंकु की त्रिज्या और तिर्थक ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

16. यदि एक गोले का आयतन 38808 घनसेमी है तो गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

11-6 eY;kdu

1. परीक्षण की योजना (नील पत्र) बनाने की उपयोगिता है ?
2. ज्ञान, अवबोध, अनुप्रयोग एवं कौशल पर आधारित प्रश्नों के उदाहरण दीजिए।

11-7 leg dk;l &

सम्भागी अपने–अपने समूहों में इकाई परख का निर्माण करेंगे ।

xf.kr dk n'kZu & NCF 2005 ds lanHkZ esa

गणित की शिक्षा का मुख्य उद्‌देश्य बच्चे की गणितीकरण की क्षमताओं का विकास करना है। स्कूली गणित का सीमित लक्ष्य है 'लाभप्रद' क्षमताओं का विकास, विशेषकर अंक ज्ञान–संख्या से जुड़ी क्षमताएँ, सांख्यिक संक्रियाएं, माप, दशमलव व प्रतिशत। इससे उच्च लक्ष्य है बच्चे के साधनों को विकसित करना ताकि वह गणितीय ढंग से सोच सके व तर्क कर सके, मान्यताओं के तार्किक परिणाम निकाल सके और अमूर्त को समझ सके। इसके अन्तर्गत चीजों को करने और समस्याओं को सूत्रबद्ध करने व उनका हल ढूंढने की क्षमता का विकास करना आता है।

इसके लिए ऐसी पाठ्यचर्या चाहिए जो महत्वाकांक्षी हो, सुसंगत हो और गणित के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को पढ़ाए। उसे महत्वाकांक्षी इस अर्थ में होना चाहिए कि वह उपरोक्त उच्च लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करे न कि केवल सीमित लक्ष्य की प्राप्ति का। इसे सुसंगत होना चाहिए। ताकि टुकड़े–टुकड़े में उपलब्ध विभिन्न प्रणालियाँ व शिक्षा (अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित में) एक ऐसी क्षमता में ढल सके जो माध्यमिक कक्षाओं में आने वाले विज्ञान व सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र की समस्याओं को भी संबोधित कर सके। यह इस अर्थ में महत्वपूर्ण होना चाहिए कि विद्यार्थी ऐसी समस्याओं को हल करने की आवश्यकता को महसूस करे और शिक्षक व विद्यार्थी दोनो ऐसी समस्याओं को हल करने में जो अपना समय और ऊर्जा लगाएँ उसे सदुपयोग मानें। गणित की पाठ्यचर्या के दो मुख्य सरोकार हैं – गणित शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के दिमाग को आकर्षित करने के लिए क्या कर सकती है, और वह विद्यार्थी के संसाधनों को कैसे सुदृढ़ कर सकती है ?

चूंकि गणित माध्यमिक स्कूल तक एक अनिवार्य विषय है, अतः अच्छी गणित शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चे को है। यह शिक्षा सुखकर व सहज होनी चाहिए। शिक्षा के भूमंडलीकरण के संदर्भ में, से पहला प्रश्न उठता है, आठ सालों की स्कूली शिक्षा के दौरान बच्चे को कैसा गणित पढ़ाना चाहिए जो उसे केवल उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए ही तैयार न करे बल्कि जीवनभर उसके काम आए। प्राथमिक स्कूल में सिखाए जाने वाले गणित के अधिकतर कौशल उपयोगी होते हैं। बहरहाल, पूर्ववर्णित 'उच्चतर लक्ष्यों' की प्राप्ति के लिए

पाठ्चर्या के पुनः अभिमुखीकरण से बच्चे उस समय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे जो वे स्कूल में व्यतीत करते हैं। उनकी समस्या हल करने व विश्लेषण करने का कौशल पुष्ट होगा और जीवन में वे विभिन्न तरह की समस्याओं का बेतरह रूप से सामना कर सकेगे। साथ ही गणित की पाठ्यचर्या के लम्बे–चौड़े आकार (जिसमें एक विषय में

Ldwyh xf.kr f'k{kk dh dqN leL;k,¡

1. बहुत से बच्चे गणित से डरते हैं और इस विषय में असफलता से भयभीत रहते हैं। वे जल्दी ही गणित की गंभी पढ़ाई से विमुख हो जाते हैं।
2. यह पाठ्यचर्या केवल इससे विमुख होने वालों के लिए ही निराशाजनक नहीं है बल्कि यह प्रतिभाशाली बच्चों के लिए भी कोई चुनौती नहीं पेश करती।
3. समस्याएँ, अभ्यास व मूल्यांकन पद्धति यांत्रिक है और दुहरावग्रस्त है। इसमें संगणना पर अत्यधिक जोर दिया गया है। इसमें स्थानिक चिंतन जैसे गणितीय क्षेत्रों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया है।
4. अध्यापकों में आत्मविश्वास, व तैयारी की कमी है और उन्हें आवश्यक मदद भी नहीं मिल पाती।

दक्षता दूसरे के ज्ञान के लिए आवश्यक होती है।) पर दिए जाने वाले जोर को कम करना चाहिए, ताकि एक वृहत्तर पाठयचर्या तैयार हो पाए, जिसमें वे विषय अधिक हों जो बुनियादी बातों से प्रारम्भ होते हों। यह विािन्न विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर पाऐंगे।

Ldwyh xf.kr dk n'ku

- बच्चे गणित से भयभीत होने के बजाए उसका आनन्द उठाऐं
- बच्चे महत्वपूर्ण गणित सीखें; गणित में सूत्रों व यांत्रिक प्रक्रियाओं से ओ भी बहुत कुछ है।
- बच्चे गणित को ऐसा विषय मानें जिस पर वे बात कर सकते हैं, जिससे संप्रेषण हो सकता है, आपस में जिस पर चर्चा कर सकते हैं और जिस पर साथ–साथ काम कर सकते हैं।
- बच्चे सार्थ समस्याएँ उठाएँ और उन्हें हल करें।
- बच्चे अमूर्त का प्रयोग संबंधों को समझने, संरचनाओं को देख पाने और चीजों का विवेचन करने, कथनों की सत्यता या असत्यता को लेकर तर्क करने में कर पाऐं।

- बच्चे गणित की मूल संरचना को समझेंः अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित त्रिकोणमिति। स्कूली गणित के सभी मूल तत्व अमूर्त की प्रणाली, संघटन और सामान्यीकरण के लिए पद्धति मुहैया कराते हैं।
- अध्यापक कक्षा में प्रत्येक बच्चे के साथ इस विश्वास के आधार पर काम करें कि प्रत्येक बच्चा गणित सीख सकता है।

समस्या के समाधान की अनेक सामान्य युक्तियां स्कूल की विभिन्न अवस्थाओं में सिखाई जा सकती है : अमूर्तता, परिमाणन, सादृश्यता, स्थिति विश्लेषण, समस्या को सरल रूप में बदलना, अनुमान लगाना व उसकी पुष्टि करना – ये समस्या समाधान के अनेक संदर्भो में उपयोगी है। जब बच्चे ये विभिन्न युक्तियाँ सीख लेते हैं तो उनके संसाधन समृद्ध हो जाते हैं और वे यह भी सीखते हैं कि कौन–सी युक्ति सर्वश्रेष्ठ है। बच्चों को गणित के अन्वेषणात्मक नियमों से परिचय की आवश्यकता होती है न कि केवल इस विश्वास की कि गणित एक 'सटीक विज्ञान' है। परिणाम और हलों का अनुमान भी एक आवश्यक कौशल है। जब एक किसान किसी फसल का अनुमान लगाता है तो अनुमान लगाने के कौशल, जैसे सन्निकटता और इष्टीकरण के कौशलों का उपयोग होता है। स्कूली गणित की इस तरह की उपयोगी बातें सिखाने और उनके परिष्कार में महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रत्यक्षीकरण और निरूपण ऐसे कौशल हैं जिनको विकसित करने मं गणित सहायक हो सकता है। परिमाण, आकार व रूपों का प्रयोग करके स्थितियों का प्रतिरूपण करने में गणित का सर्वश्रेष्ठ प्रयोग होता है। गणितीय अवधारणाओं को कई तरीकों से निरूपित किया जा सकता है और ये निरूपण विभिन्न संदर्भों में विविध प्रयोजनों का काम करते हैं – यह सब गणित की सामर्थ्य को बढ़ाता है। उदाहरण के लिए एक भिन्न को बीज गणितीय तौर पर निरूपित किया जा सकता है और एक ग्राफ के रूप में भी। अब अगर अ/ब को एक पूर्ण इकाई के एक अंश के रूप में प्रस्तुत किया गया है तो वह दो अंकों अ तथा ब के भागफल को भी इंगित कर सकता है। भिन्न खण्डों के बारे में यह सीखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि भिन्न अंशों के गणित को सीखना।

गणित व अन्य विषयों के अध्ययन के बीच संबंध बनाने की भी आवश्यकता है। जब बच्चे ग्राफ बनाना सीखते हैं तो उन्हें भू–विज्ञान सहिजत विीिन्न विज्ञानों के कार्यात्मक संबंधों के बारे में सोचने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। हमारे बच्चे इस तयि के मूल्य को पहचान पाएँ कि गणित, विज्ञान के अध्ययन का एक प्रभावी उपकरण है।

गणित में व्यवस्थित तार्किकता के महत्व पर प्रबलता से जोर नहीं दिया जा सकता। यश्ह गणितज्ञों की सौष्ठव और सौन्दर्य–बोध जैसी अत्यन्त प्रिय धारणाओं से गहरे रूप मं जुड़ा हआ है। प्रमाण महत्वपूर्ण है, लेकिन निगमनात्मक (निगमन–आधारित) प्रमाण के साथ बच्चों को यह भी जानना चाहिए कि चित्र व निर्मित प्रमाण कब प्रदान कर सकते हैं। प्रमाण देना एक ऐसी प्रक्रिया है जो संशय करने वाले विरोधी पक्ष को आश्वस्त करने के लिए आवश्यक है; स्कूली गणित के माध्यम से प्रमाण को व्यवस्थित तक–वितर्क के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। तक विकसित करने, उसका मूल्यांकन करने, अनुमेयों के निर्माण और उनकी पड़ताल करने की क्षमताओं का विकास स्कूली गणित का लक्ष्य होना चाहिए तथा यह समझ भी होनी चाहिए कि तर्क करने के विभिन्न तरीके होते हैं।

गणितीय संप्रेषण, जो सटीक होता है उसमें सुस्पष्ट भाषा का प्रयोग एवं सख्त संरूपण होता है। ये गणित के महत्वपूर्ण लक्षण हैं। गणित में पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग सुचिंतित, सचेत और विशिष्ट शैली में होता है। गणितज्ञ इस पर विचार करते हैं कि कौन–सी अंकन पद्धति उपयुक्त है क्योंकि अच्छी अंकन पद्धति को विचारों का सहायक माना जाता है। जैस–जैसे बच्चे बड़े होते हैं उन्हें इन प्रथाओं की महत्ता को समझना व उनका प्रयोग करना भी सिखाना चाहिए। उदाहरण के लिए, समीकरण बनाने को भी उतना ही महत्व मिलना चाहिए जितना उन्हें हल करने को दिया जाता है।

ऐसे कई कौशलों और प्रक्रियाओं की चर्चा करते हुए हमने अभिगमों और क्रियाविधियों की बहुलता की बात की है। ये सभी स्कूली गणित को सिफ पढ़ाए गए 'कलन विधि' के इस्तेमाल की तानाशाही से उमुक्त करने के लिए जरूरी है।